दिन– गुरूवार | दिनांक– 12/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने कहा – गंभीर वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी समेत अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है।

02 ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अठारह लाख जीविका दीदियों के बैंक खाते में इस महीने के अंत तक दस–दस हजार रुपये की राशि भेज दी जाएगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी राशि।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, पूर्णिया और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि गंभीर वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी समेत अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। आज लोकसभा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि एलपीजी उत्पादन को अट्ठाईस प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।

–––साउंड बाइट–––

इस बीच, राज्य सरकार ने कहा है किएलपीजी का सामान्य आपूर्ति चक्र पूरी तरह सुरक्षित है और बुकिंग के बाद औसतन दो से तीन दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। उपभोक्ताओं को घबराहट में सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से रसोई गैस का उत्पादन बढ़ा है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की।

–––साउंड बाइट–––

---

इधर, पटना जिले में गैस की सुचारू आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिये हेल्पलाइन शुरू की गई है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार की जानकारी और शिकायत के लिये टेलीफोन नम्बर– शून्य छह एक दो– दो दो एक नौ आठ एक शून्य पर संपर्क कर सकते हैं। कई जिलों में गैस वितरण के लिए दंडाधिकारियों की भी

प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही रसाई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल का गठन किया गया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अगले पांच साल में प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी की जाएगी। श्री कुमार आज पूर्णिया में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य में एक करोड़ लोगों को रोजगार और नौकरी प्रदान की जाएगी।

---साउंड बाइट---

कटिहार में जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए के कार्यकाल में प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है।

---साउंड बाइट---

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास के कई काम हुए हैं। राज्यसभा जाने के बाद भी उनके मार्गदर्शन में ही राज्य की नई सरकार काम करेगी।

---साउंड बाइट---

हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले में चार सौ पचासी करोड़ रुपये की लागत वाली बानवे विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, कटिहार जिले में उन्होंने चार सौ दस करोड़ रुपये की लागत वाली चार सौ तैंतालीस विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और कार्यारम्भ किया। श्री कुमार ने दोनों जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अठारह लाख जीविका दीदियों के बैंक खाते में इस महीने के अंत तक दस-दस हजार रुपये की राशि भेज दी जाएगी। श्री कुमार आज पूर्णिया में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

---साउंड बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में राशि भेजी जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एआई—आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, भारत विस्तार के पहले चरण का शुभारंभ किया है। यह किसानों को कृषि संबंधी प्रश्नों की व्यापक जानकारी प्रदान करेगा।

———साउंड बाइट———

किसान कल्याण के लिए हम लोगों ने सम्पूर्ण जानकारी के साथ एक ही एआई डिजिटल प्लेटफॉर्म बन जाए भारत विस्तार और इसलिए उसके प्रथम चरण को भी लांच किया है, जिसमें किसान को सारी जानकारी एक फोन कॉल पर ही उसकी भाषा में देने का काम किया जाएगा। पिछले वर्षों में हमने एमएसपी पर जो भी गेहूं, धान, कपास, दलहन, तिलहन की रिकॉर्ड खरीदी की है और किसान को सस्ते दामों पर खाद मिलना सुनिश्चित किया है।

---

उप मुख्यमंत्री सह—खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभागीय राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले खनन विभाग से राज्य सरकार को लगभग सोलह सौ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता था, जो अब बढ़कर लगभग पैंतीस सौ करोड़ रुपये हो गया है।

———साउंड बाइट———

पटना में विभाग की सौ दिनों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन और बालू माफिया पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन की जानकारी देने वाले इकहत्तर लोगों **"बिहार खनन योद्धा"** के रूप में सम्मानित किया गया है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने आज पटना के गांधी मैदान में चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि सरकार कृषि की आधुनिक तकनीकों के साथ किसानों को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

———साउंड बाइट———

चार दिवसीय कृषि यांत्रिकी मेले में किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। प्रदेश के सभी कृषि महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को भी आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए इस मेले का भ्रमण कराया जायेगा।

---

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिये होने वाले चुनाव के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय शर्मा और हर्ष मल्होत्रा आज पटना में इस संबंध में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इससे पहले, पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री शर्मा ने सभी पांच सीटों पर एनडीए की जीत का दावा किया।

---

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन चौदह मार्च को शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इधर, श्री हसनैन आज पटना पहुंच गये हैं। हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इधर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, नंद किशोर यादव कल नगालैंड के तेईसवें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे।

---

मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, पूर्णिया और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गयी।

---

गोपालगंज की दिव्यांग छात्रा सोनी कुमारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन की ओर से आज उन्हें ट्राई साइकिल और पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि भोरे प्रखंड की रामनगर की रहने वाली पंद्रह वर्षीय सोनी को जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने स्कूल पहुंचकर सामग्री सौंपी। इधर, अलीनगर विधायक मैथिली ठाकुर और फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने भी सोनी के लिये मदद का हाथ बढाया है।

---

अररिया और कैमूर जिले में जनगणना के प्रथम चरण के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए आज से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

---

अरवल इन्डोर स्टेडियम में आयोजित ऋण शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत दस लाभुकों और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पांच लाभुकों के बीच ऋण का वितरण किया गया।

---

महान आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की याद में आज अररिया में रेणु महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में साहित्यकारों ने रेणु के साहित्यिक योगदान पर चर्चा की।

---

सुपौल जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वाहन से पांच हजार बोतल से अधिक प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने कहा – गंभीर वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी समेत अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है।

02 ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अठारह लाख जीविका दीदियों के बैंक खाते में इस महीने के अंत तक दस–दस हजार रुपये की राशि भेज दी जाएगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी राशि।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, पूर्णिया और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।